राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांकः 15.12.2022

आयोग द्वारा संरक्षण अधिकारी (महिला अधिकारिता विभाग) परीक्षा, 2022 का आयोजन दिनांक 28.01.2023 को एवं वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) परीक्षा, 2022 का आयोजन 29.01.2023 से 01.02.2023 तक किया जाना है।

उक्त परीक्षाओं हेतु दिनांक 23.12.2022 से 01.01.2023 तक अभ्यर्थी का नाम, फोटो, पिता के नाम, जन्म तिथि व लिंग के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाईन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी ई–मित्र/ऑनलाईन बैंकिंग के माध्यम से रू. 500/– का शुल्क जमा कराते हुए आयोग के ऑनलाईन पोर्टल https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध Apply Online Link अथवा SSO Portal से Login कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment Portal का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑनलाईन संशोधन कर सकते हैं।

उक्त परीक्षाओं में केवल ऑनलाईन संशोधन के विकल्प का ही प्रयोग करें। ऑफलाईन संशोधन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। उपरोक्त ऑनलाईन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधामात्र है। संशोधन परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगी। उपरोक्त संशोधन के संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर **recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in** पर ई–मेल से अथवा फोन नं. 9352323625 व 7340557555 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

(हरजी लाल अटल)
सचिव